शिक्षा का अधिकार

समग्र शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल–462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्रमांक / राशिके / स्था0 / 2023 / 6933 भोपाल,दिनांक 15.9.23

विज्ञापन

समग्र शिक्षा अभियान मिशन अंतर्गत 16 जिलों में रिक्त जिला परियोजना समन्वयक के पद पर प्रतिनियुक्ति पर आने के इच्छुक स्कूल शिक्षा विभाग के सहायक संचालक / प्राचार्य,उ.मा.वि. / हाईस्कूल संवर्ग / व्याख्याताओं के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। जिला परियोजना समन्वयक के पद पर पदस्थापना म.प्र. के किसी भी जिले में की जा सकती है। उपरोक्त अधिकारियों को अपना आवेदन पत्र राज्य शिक्षा केन्द्र में प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **25.09.2023** निर्धारित है। निर्धारित समयसीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

जिला परियोजना समन्वयक पद के लिए निर्धारित अर्हता :–

(अ) स्कूल शिक्षा विभाग के सहायक संचालक / प्राचार्य,उ.मा.वि. / हाईस्कूल संवर्ग / व्याख्याता
(ब) बी.एड होना अनिवार्य होगा।
(स) आयु सीमा :– 01.07.2023 को 56 वर्ष से अधिक न हो।

सामान्य शर्ते :–

- विज्ञप्ति पदों की संख्या में कमीं / वृद्धि हो सकती है।
- आवेदक के विरूद्ध किसी प्रकार का आपराधिक / न्यायालयीन प्रकरण लंबित न हो / विभागीय जॉच संस्थित न हो एवं किसी प्रकार की शास्ति प्रभाव में न हो।
- प्रतिनियुक्ति पर आने वाले अधिकारी को कार्य के प्रति लगनशील एवं ईमानदार होने के साथ–साथ व्यापक भ्रमण और जनसम्पर्क की क्षमता होना चाहिए।
- प्रतिनियुक्ति अवधि में मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रतिनियुक्ति के संबंध में जारी निर्देश लागू रहेंगें। प्रतिनियुक्ति अवधि में कोई परियोजना भत्ता अथवा प्रतिनियुक्ति भत्ता देय नहीं होगा। प्रतिनियुक्ति अवधि में सेवायें समान वेतनमान एवं समान सामर्थ्य में ली जावेंगीं।
- जिला परियोजना समन्वयक के पद में प्रतिनियुक्ति पर आने के इच्छुक अभ्यर्थियों के प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी दिनांक **25.09.2023** तक की जावेगी। स्कूटनी के उपरांत पात्र अभ्यर्थियों की राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा लिखित परीक्षा दिनांक **03.10.2023** को प्रातः 10 से 12 बजे तक शा.सुभाष उत्कृष्ट उ.मा.वि., शिवाजी नगर भोपाल में आयोजित होगी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक **03.10.2023** को अपरान्ह 02 बजे से राज्य शिक्षा केन्द्र में लिया जाएगा।
- लिखित परीक्षा 75 अंकों पर तथा साक्षात्कार 25 अंकों पर आधारित होगा। लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों को 75 अंक में से न्यूनतम 40 अंक लाना अनिवार्य होगा। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में अभ्यर्थियों को न्यूनतम प्राप्तांक 65 अंक लाना अनिवार्य होगा।
- मेरिट सूची अनुसार लोक शिक्षण संचालनालय से इन अधिकारियों के विरूद्ध किसी प्रकार की विभागीय जॉच,न्यायालयीन प्रकरण तथा आपराधिक प्रकरण न होने संबंधी जानकारी एवं अनापत्ति प्राप्त किये जाने के साथ ही इनकी विगत पॉच वर्षो की ए.सी.आर. की ग्रेडिंग प्राप्त की जावेगी। जिन अधिकारियों के विरूद्ध किसी प्रकार की विभागीय जॉच,न्यायालयीन प्रकरण तथा आपराधिक प्रकरण होंगें वे जिला परियोजना समन्वयक के पद हेतु पात्र नहीं होंगें।

- मेरिट सूची की वैद्यता अधिकतम तीन वर्ष रहेगी। मेरिट सूची की वैद्यता समाप्ति के पूर्व यदि किसी जिले में जिला परियोजना समन्वयक का पद रिक्त होगा तो इसी प्रतीक्षा सूची से जिला परियोजना समन्वयक के पद की पूर्ति की जावेगी।
- किसी भी अधिकारी को लिखित एवं साक्षात्कार में आने हेतु यात्रा–व्यय का भुगतान देय नहीं होगा।
- आवेदन पत्र में जानकारी असत्य / त्रुटिपूर्ण होने की दशा में आवेदन पत्र / प्रतिनियुक्ति आदेश निरस्त किया जावेगा।
- आवेदन पत्र संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र, बी, विंग पुस्तक भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल 462011 के कार्यालय को निधारित तिथि तक प्राप्त हो जाना चाहिए। लिफाफे के ऊपर स्पष्ट शब्दों में जिस पद के लिए आवेदन किया गया है, उसका उल्लेख होना चाहिए।
- विस्तृत जानकारी एवं आवेदन का प्रारूप वेबसाईट www.educationportal. mp.gov.in पर उपलब्ध है।

15/09/2023

(धनराजू एस.)
संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र

परिशिष्ट - 1

प्रतिनियुक्ति से जिला परियोजना समन्वयक के पद के लिये आवेदन पत्र का प्रारूप
(आवेदन निम्न प्रारूप अनुसार कागज पर सुस्पष्ट टंकित करा आवेदन पत्र प्रेषित करें)

आवेदित पद का नाम ....

स्वप्रमाणित फोटो चिपकायें

1- आवेदक का नाम (श्री/श्रीमती/सुश्री ....

2- पिता/पति का नाम (उपनाम सहित) ....

3- वर्तमान पता (पिनकोड सहित) ....
....

4- स्थाई पता (सेवा पुस्तिका में अंकित अनुसार) ....
....

5- जन्मतिथि .... दिनांक 01.07.2023 की स्थिति में आयु ....

6- दूरभाष/मोबाईल न. ....

7- यूनिक आई डी .... ईमेल आई डी ....

8- मूल विभाग एवं मूल पद ....

9- वर्तमान पद एवं पदस्थापना स्थल ....

10- वेतनमान ....

11- शैक्षणिक योग्यता ....

12- तकनीकी योग्यता/अन्य योग्यता ....

13- सर्व शिक्षा अभियान मिशन अंतर्गत कार्य करने का अनुभव यदि है तो उल्लेख करें ....
....

प्रमाण पत्र

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्णतः सत्य है तथा मेरे विरूद्ध किसी भी प्रकार की विभागीय जांच/आपराधिक प्रकरण/न्याायलयीन प्रकरण प्रचलित नहीं है और न ही किसी प्रकार की शास्ति प्रभाव में है। यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य पाई जाती है तो मेरी प्रतिनियुक्ति आदेश निरस्त कर दी जावे।

स्थान .... दिनांक ....

आवेदक का पूरा नाम ....
हस्ताक्षर ....
वर्तमान पद एवं पदस्थापना स्थल ....